| |
|---|
| दिनांक 05.03.2023 |
| प्रेस विज्ञप्ति 05/2023 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद हापुड़/थाना बाबूगढ़**

- **10–10 हजार रूपये के 03 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनॉकः 04.03.2023 की रात्रि थाना बाबूगढ़ पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर भिन्न–भिन्न स्थानों से पुरस्कार घोषित अभियुक्त 1–मनवीर 2–मोहित 3–राजू को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना बाबूगढ़ पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वॉछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10–10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त मनवीर के विरूद्ध जनपद हापुड़ के थाना बाबूगढ़ पर चोरी, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट के 09 अभियोग व अभियुक्त मोहित के विरूद्ध जनपद हापुड़ के थाना बाबूगढ़ पर चोरी, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 08 अभियोग व अभियुक्त राजू के विरूद्ध जनपद हापुड़ के विभिन्न थानों पर चोरी, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट के लगभग आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना बाबूगढ़ पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मनवीर निवासी कुचेसर चौपला थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़।

2–मोहित निवासी कुचेसर चौपला थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़।

3–राजू निवासी मोहल्ला अम्बेडकरनगर लिसाड़ी थाना लिसाड़ीगेट जनपद मेरठ।

## जनपद हापुड़/थाना हापुड़ नगर

- **10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनॉकः 05.03.2023 को थाना हापुड़ नगर की पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मजीदपुरा सरकारी ट्यूबेल के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त असलम उर्फ मुल्ला को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना हापुड़ नगर पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–असलम उर्फ मुल्ला निवासी ग्राम अजराड़ा थाना मुण्डाली जनपद मेरठ।

## जनपद मुजफ्फरनगर/थाना खतौली

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल(बिना नम्बर)**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 04.03.2023 की रात्रि को थाना खतौली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से चेकिंग के दौरान पुलिस कार्यवाही में अभियुक्त शाहबुद्दीन उर्फ शब्बू घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल(बिना नम्बर), 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद मेरठ के विभिन्न थानों पर डकैती, लूट, चोरी, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के डेढ़ दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना खतौली पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शहाबुद्दीन उर्फ शब्बू निवासी हरिजन पट्टी कस्बा व थाना दौराला जनपद मेरठ।

**बरामदगी**

1–01 मोटर साइकिल(बिना नम्बर)।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद कुशीनगर/थाना रामकोला**

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 08 मोटर साइकिल बरामद**

दिनॉकः 04.03.2023 को थाना रामकोला पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से 04 अभियुक्तों 1–नफीस 2–गोविन्द 3–अभिषक कुमार 4–अमित को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 08 मोटर साइकिल बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा जनपद कुशीनगर व आस–पास के जनपदों से वाहनों की चोरी कर सस्ते दामों पर बेच देते हैं।

इस सम्बन्ध में थाना रामकोला पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–नफीस निवासी वार्ड नं0–3 थाना रामकोला जनपद कुशीनगर।

2–गोविन्द निवासी पपऊपर थाना रामकोला जनपद कुशीनगर।

3–अभिषक कुमार निवासी जोगवलिया टोला बिहुली सोमाली थाना रामकोला जनपद कुशीनगर।

4–अमित निवासी परोरहा थाना रामकोला जनपद कुशीनगर।

**बरामदगी**

1–चोरी की 08 मोटर साइकिल।

## जनपद मुजफ्फरनगर/थाना तितावी

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 03 लाख 50 हजार रूपये कीमत के 66 किलो 100 ग्राम अवैध डोडा पोस्ता चूर्ण, 540 ग्राम अवैध अफीम**
- **12 हजार 100 रूपये नगद**
- **01 लाइसेन्सी रिवाल्वर मय जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनॉकः 04.03.2023 को थाना तितावी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर जसोई मोड़ मुख्य सड़क से 02 अभियुक्त 1–हरपाल 2–शुभम कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 03 लाख 50 हजार रूपये कीमत के 66 किलो 100 ग्राम अवैध डोडा पोस्ता चूर्ण, 540 ग्राम अवैध अफीम, 12 हजार 100 रूपये नगद, 01 लाइसेन्सी रिवाल्वर मय जीवित कारतूस आदि बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना तितावी पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–हरपाल निवासी अमृतसराय होटल लालूखेड़ी थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर।

2–शुभम कुमार निवासी घासीपुरा थाना मन्सूरपुर जनपद मुजफ्फरनगर।

**बरामदगी**

1–लगभग 03 लाख 50 हजार रूपये कीमत के 66 किलो 100 ग्राम अवैध डोडा पोस्ता चूर्ण, 540 ग्राम अवैध अफीम।

2–12 हजार 100 रूपये नगद।

3–01 लाइसेन्सी रिवाल्वर मय जीवित कारतूस आदि।

## जनपद एटा/थाना कोतवाली नगर

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 03 ई–रिक्शा बरामद**

दिनॉकः 05.03.2023 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से अभियुक्त शिवा उर्फ भूरा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी के 03 ई–रिक्शा बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र से अज्ञात बदमाशों द्वारा ई–रिक्शा चोरी की घटनाएं कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद ई–रिक्शा उक्त घटनाओं से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद एटा के विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास, चोरी आदि के 10 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शिवा उर्फ भूरा निवासी ग्राम कोलियान कस्बा व थाना अवागढ़ जनपद एटा।

**बरामदगी**

1–चोरी के 03 ई–रिक्शा।

—————